सृजनगाथा
वाग्अर्थ प्रतिपत्तये

अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन

एफ-3, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल आवासीय परिसर, पेंशन बाड़ा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001
मो.- 9424182664, ईमेल- srijangatha@gmail.com, वेबसाईट- www.srijangatha.com

पत्रांक /अंहिंस/श्रीलंका/2023/ 156 रायपुर, दिनांक 29-11-2023

प्रतिष्ठा में,

डॉ. रत्ना सिंह
न्यायिक अधिकारी आवास, निकट सेशन हाउस, फतेहगढ़
फ़र्रूखाबाद-209601, उत्तरप्रदेश

महोदया

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी और हिंदी-संस्कृति को प्रतिष्ठित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन परिवार द्वारा (समानधर्मा संस्थाओं के सहयोग से) द्वारा किये जा रहे प्रयास के अनुक्रम में रायपुर, बैंकाक, मारीशस, पटाया, ताशकंद (उज्बेकिस्तान), संयुक्त अरब अमीरात, कंबोडिया-वियतनाम, श्रीलंका, चीन, नेपाल, मिस्र, असम-शिलांग तथा बाली (इंडोनेशिया), राजस्थान, रूस, रायपुर, और यूनान (एथेंस), म्यांमार (यांगून), वियतनाम तथा भूटान में 21-21 अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलनों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात अब **18 फरवरी 2024 से 25 फरवरी, 2024** तक 09 दिवसीय 22 वें अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन श्रीलंका में सुनिश्चित है ।

सम्मेलन में हिंदी के विद्वान, अध्यापक, लेखक, भाषाविद्, शोधार्थी, संपादक, आलोचक, लेखक, कवि, पत्रकार, प्रकाशक, संगीतकार, गायक, नृत्यकार, चित्रकार, बुद्धिजीवी एवं हिंदी सेवी संस्थाओं के सदस्य, हिन्दी-प्रचारक, हिंदीब्लागर्स, टेक्नोक्रेट आदि स्वैच्छिक सहभागिता, स्वसुविधा-स्वसाधन से, किन्तु अंतिम आयोजन समिति द्वारा चयन के आधार पर भाग ले सकते हैं।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश में सृजनरत स्थापित-नवागत रचनाकारों को जोड़कर स्वंयसेवी आधार पर भाषायी-संस्कृति का प्रचार-प्रसार, साहित्य की सभी विधाओं और उसमें सक्रिय रचनाकारों का प्रजातांत्रिक सम्मान, भाषायी सौहार्द्रता, विविध भाषाओं की रचनाशीलता से परस्पर तादात्म्य और श्रेष्ठता का अनुशीलन व सम्मान, ज्ञानात्मक सहिष्णुता के लिए सकारात्मक प्रयास, विभिन्न देशों/प्रदेशों का साहित्यिक-सांस्कृतिक-सामाजिक-वैकासिक अध्ययन-परीक्षण-पर्यटन सहित वैश्वीकरण की जगह वसुधैव कुटुम्बकम् की भारतीय परंपरा को प्रोत्साहित करना है ।

हिंदी भाषा, शिक्षा और इतिहास के क्षेत्र में आपकी रचनात्मक भूमिका व योगदान ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय विमर्श सत्र में विशेष आलेख वाचन हेतु चयन समिति द्वारा **आपका चयन किया गया है** ।

चयनित और पंजीकृत रचनाकारों की आवश्यक व्यवस्था (सम्मेलन अवधि में यथाआवश्यक आवास, भोजन, स्वल्पाहार, यात्रा-सुविधा, निर्धारित स्थलों का भ्रमण आदि) सम्मेलन प्रबंधन समिति द्वारा की जायेगी । अतः सहभागिता हेतु सहमति प्रदान करते हुए श्रीलंका प्रस्थान हेतु निर्धारित समय के पहले चैन्नई हवाई अड्डे पर उपस्थित **होने की सूचना** यथाशीघ्र भेजें । सुविधा की दृष्टि से आपके साथ आपके पारिवारिक सदस्य उपस्थित हो सकता है ।

(डॉ. जयप्रकाश मानस)
समन्वयक